पत्रांकः-भवन/स्था0-04-10-15/2026.......7781(M)........./

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

**अवधेश नन्दन सिन्हा,**
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अत्यावश्यक

**सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),**
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः- 18/8/26

**विषयः-** अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलीय कार्यालयों में पदस्थापित वर्ग-03 (लिपिकीय संवर्ग) के कर्मियों की वरीयता-सूची उपलब्ध कराने के सबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित लिपिकीय संवर्ग (वर्ग-03) की वरीयता सूची सभी अंचलीय कार्यालयों में संधारित है। विभागीय अधिसूचना सं0-5884(भ) दिनांक-24.06.2026 द्वारा क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के कर्मियों का संवर्ग नियंत्रण विभाग को प्राप्त होने के फलस्वरुप उक्त कोटि के कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति आदि पर विचारण हेतु उक्त सूची की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि आपके कार्यालय एवं अधीनस्थ प्रमंडलीय कार्यालयों के अंतर्गत पदस्थापित लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों से संबंधित वरीयता-सूची **03 दिनों के अंदर विभागीय ई-मेल एवं B.C.D S.E व्हाट्सेप ग्रुप** के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन,

ह0/-
**(अवधेश नन्दन सिन्हा)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः- 7781 (M) पटना, दिनांक- 18/8/26

प्रतिलिपिः-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के साथ-साथ सभी अधीक्षण अभियंताओं को ई-मेल के माध्यम से पत्र उपलब्ध कराने के प्रयोजनार्थ प्रेषित।

18.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव।